पटना विश्वविद्यालय

सूचना

UMIS agency-BECIL की गलतियों के कारण निम्नलिखित निर्णय अधिसूचित किए जाते हैं–

1. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, सत्र–2025–27 में नामांकन हेतु प्रकाशित प्रथम मेरिट लिस्ट मे जिन अभ्यर्थियो का नाम है और MJC/CC/Honours के अंक प्रतिशत वास्तविक अंक प्रतिशत से भिन्न है उनके प्रतिशत की जाँच के उपरांत अपने–अपने श्रेणी के कट ऑफ मार्क्स से अधिक है तो उनका नामांकन प्रथम मेरिट लिस्ट में ही ले लिया जाएगा ऐसे में मेरिट लिस्ट भी अप्रभावित रहेगा।
2. अनेक अभ्यर्थियों से ऐसी शिकायत मिली है कि उन्होंने जो आवेदन–पत्र भरा था उससे भिन्न आवेदन–पत्र प्रिन्ट हो रहा है, जिसमें कइयों का फॉर्म आंशिक रूप से खाली आ रहा है, कइयों का प्रतिशत कम आ रहा है, विश्वविद्यालय का नाम गलत आ रहा है जिसके कारण उनका मेरिट लिस्ट में नाम नहीं आ सका है। ऐसी स्थिति में प्रथम मेरिट लिस्ट के नामांकन के पश्चात आवेदन edit करने के लिए पोर्टल खोला जाएगा, जिसकी सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर दी जाएगी।
3. प्रथम मेरिट लिस्ट में मार्क्स के प्रतिशत की अशुद्धि के कारण नामांकन से वंचित अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर अपलोडेड सूचना के अतिरिक्त इमेल तथा मैसेज द्वारा भी सूचित किया जायेगा तथा काउंसेलिंग की तिथि विस्तारित करते हुए दिनांक 22.08.2025 तक किया जाता है।
4. सभी पाठ्यक्रम के आवेदन दिनांक 23, 24 एवं 25 अगस्त, 2025 तक edit किए जा सकते हैं।
5. दूसरा मेरिट लिस्ट 30 अगस्त, 2025 को प्रकाशित किया जाएगा। फलतः विश्वविद्यालय अधिसूचना ज्ञाप संख्या–Adm/1151 दिनांक 14.08.2025 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

कुलपति के आदेश से

19/8/25

संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण

पटना विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञाप संख्या– DSW/400 दिनांक 19.08.2025

प्रतिलिपि–01. सभी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, पटना विश्वविद्यालय, 02. प्रो0 रजनीश कुमार, नामांकन प्रभारी, पटना विश्वविद्यालय, 03. सभी पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 04.प्रोफेसर इन चार्ज, आई क्यू ए सी सेल, पटना विश्वविद्यालय, 05. प्रोफेसर इन चार्ज, आई टी सेल, पटना विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु), 06. निजि सहायक, कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, 07. निजि सहायक, कुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/8/25

संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण

पटना विश्वविद्यालय, पटना

19/08/25